Title: Demand to construct Thermal Power Station at Navinagar, Aurangabad District to provide employment opportunites and to solve the power crisis in Bihar.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से औरंगाबाद जिला के नवीनगर मैं थर्मल पावर स्टेशन निर्माण के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। सरकार ने इस थर्मल पावर स्टेशन निर्माण के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है लेकिन अभी तक इसका निर्माण कार्य शुरु नहीं किया गया है। आपको यह जानकर ताज्जुब होगा कि यह उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है । यहां पर रोज़गार की कोई व्यवस्था नहीं है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि नवीनगर में थर्मल पावर स्टेशन का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाये ताकि वहां के लोगों को रोज़गार उपलब्ध हो सके और बिहार राज्य में विद्युत संकट की समस्या से निपटने में भी सहायता मिले।